हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 25 जून 2025


11 एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान चलाकर रोपित की त्रिवेणी



12 बवानी खेड़ा एएचपीसी वर्कर्स यूनियन के सदस्य...



**खबर संक्षेप**

### भाजपा का आपातकाल दिवस पर कार्यक्रम आज

**भिवानी।** पंचायत भवन में 25 जून को आपातकाल दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक विशाल जीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 25 जून को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री मनीष ग्रोवर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्रगढ़ दयाराम यादव व भिवानी प्रभारी रेणु डाबला मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण भी अपने विचार रखेंगे।

### नवोदय में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक आवेदन

**चरखी दादरी।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 की कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा आगामी 13 दिसंबर को प्रात 11:30 बजे आयोजित होगी। डीसी मुनीश शर्मा ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पूर्णतय आवासीय विद्यालय है, जिसमें छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास उपलब्ध है। सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ मुफ्त भोजन उपलब्ध करवाया जाता है।

### खेड़ीदौलतपुर मार्ग पर चलती कार में लगी आग

**बवानीखेड़ा।** कस्बे के खेड़ी दौलतपुर मार्ग पर चलती कार में सोमवार रात को अचानक आग लग गई। जिससे गाड़ी सड़क पर ही जल गई। हादसा उस समय हुआ जब कार सवार अपने दोस्त के पास बवानीखेड़ा के पास ढाणी के खेतों में जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में कार की एसी में तकनीकी खराबी हो गई और धुआं उठने लगा। देखते ही देखते कार आग की लपटों से घिर गई और चंद मिनट में जल गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो कार आग लगने के कारण जल चुकी थी। प्राथमिक जांच के अनुसार कार भिवानी के गांव बामला निवासी मुकेश कुमार की थी।

### 25 से 28 जून तक की परीक्षाओं का शेड्यूल बदला

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने कल 25 जून से 28 जून तक होने वाली परीक्षाओं के शेड्यूल में बदलाव किया है यह जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ पवन गुप्ता द्वारा दी गई है। उनके द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक बी.एड, एम.एड, एमए (एसडब्ल्यूडीएस) पीजीडीआरपी, पीजी शास्त्री इत्यादि कोर्सेज की (मुख्य/रिअपीयर/इंप्रूवमेंट) की परीक्षाओं को प्रशासनिक कारणों के कारण रद्द करते हुए इन कोर्सेज की परीक्षाओं के शेड्यूल में बदलाव करते हुए नया परीक्षा शेड्यूल जारी कर दिया गया है जिसकी जानकारी विद्यार्थियों को भेज दी गई है। साथ ही वेबसाइट पर भी इसकी सूचना उपलब्ध कराई गई है।

### बिजली दर बढ़ाकर जनता को लूट रही सरकार : अशोक

**भिवानी।** बिजली की दरों में हुई चुपचाप बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने कहा है कि भाजपा ने एक ही झटके में बिजली को चार गुना तक महंगा कर दिया। यानी जिन आम परिवारों को 900 से 1000 रुपए तक बिल देना पड़ता था, उन्हें अब 4000 से 5000 रुपये बिल थमाया जा रहा है। एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली के कई-कई घंटे के कट और दूसरी तरफ महंगाई की मार ने आम आदमी को बेहाल कर दिया है। जब से भाजपा सत्ता में आई है, आम आदमी को इसी तरह दोहरी मार से पीसा जा रहा है।

## प्री मानसून के बाद नगर परिषद की टीम ने जांचे नाली व नाले

# नप आई अलर्ट मोड में, नहीं जमा होने दिया जाएगा शहर में बारिश का पानी

### प्रत्येक नाले की निकाली जाएगी शिल्ट: भवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

प्री-मानसून की बारिश आने के बाद नगरपरिषद प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। इसी क्रम में नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह नप टीम को लेकर शहर में निकले और बरसाती पानी की निकासी के लिए बने नालों की जांच की। इस दौरान अधिकतर जगहों पर नाले साफ मिले,लेकिन जिन जगहों पर नालों में शिल्ट मिली। उस शिल्ट को तत्काल निकालने के निर्देश दिए। जब तक नालों में शिल्ट रहेगी। तक शहर के बरसाती पानी की सही ढंग से निकासी नहीं हो पाएगी। करीब पांच-छह जगहों पर नालों पर जाकर सफाई देखी।

नगरपरिषद की चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह नप अधिकारियों को लेकर सबसे पहले नया बाजार इलाके में पहुंचे। वहां पर उन्होंने नालों की सफाइ्र देखी। यहां पर अधिकतर नालों की शिल्ट निकाली हुई मिली। हालांकि इस क्षेत्र के सभी नालों की सफाई का कार्य मुक्कमल नहीं हुआ मिला,लेकिन नगरपरिषद के कर्मचारी सफाई में जुटे मिले। उसके बाद चेयरपर्सन प्रतिनिधि पुराना बस अड्डा इलाके में पहुंचे। वहां पर भी नाले व नालियों की सफाई व्यवस्था देखी। इनके अलावा चेयरपर्सन की अगुवाई में नप की टीम ने मुरारी सिनेमा हॉल, लिबर्टी व सराय चौपटा इलाके में पहुंचकर नालों की सफाई देखी। यहां पर आधे से ज्यादा नालों की सफाई हुई मिली। बाकी पर कार्य जारी था। शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर यह रही कि नालों की सफाई का कार्य जारी है। सारी सफाई होने के बाद शहर के किसी भी इलाके में जलभराव की समस्या नहीं बनेगी। इस मौके पर उनके साथ नप वाईस चेयरमैन संदीप सिंह, पार्षद पवन सैनी , विकास देशवाल आदि मौजूद थे।





**भिवानी।** गंदगी से अटा एक नाला व नालों की सफाई नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### *प्री-मॉनसून के बाद हरकत में आया नप*

*वैसे तो नगरपरिषद ने पहले ही अपने सफाई कर्मचारियों को नालों की सफाई के लिए पहले ही निर्देशित कर दिया था। जिसके तहत नगरपरिषद के तहत आने वाले नालों की सफाई का कार्य शुरू भी हो चुका,लेकिन कई जगहों पर अभी भी सफाई का कार्य जारी है। सोमवार को जो प्री मानसून की बारिश आई है। उसके बाद नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने आज शहर का दौरा कर नालों की सफाई देखी। क्योंकि सोमवार को कई जगहों पर जलभराव की शिकायत मिली थी। उसके बाद आज खासकर उन इलाकों का निरीक्षण किया। जहां पर जलभराव हुआ या जलभराव होने की समस्या बनने की आशंका बनी रहती है।*

### सरकार ने दिए थे सफाई के निर्देश

विगत में सरकार ने सभी संबंधित अधिकारियों को बरसाती नालों, नालियों व ड्रेनों की सफाई करवाए जाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों में कहा गया था कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले सभी की सफाई हो जानी चाहिए ,लेकिन अभी सफाई का कार्य मुक्कमल नहीं हुआ,पर प्री मानसून की बारिश ने प्रशासन की पोल खोल दी। शहर में अनेक जगहों पर नालों की सफाई का कार्य पूरा नहीं हो पाया है और सोमवार को प्री मानसून की बारिश ने शहर को पानी पानी कर दिया। शुक्र है कि तेज बारिश नहीं हुई। अगर आधे घंटे की तेज बारिश हो जाती तो शहर के अनेक कॉलोनियों में आधे से एक फुट तक पानी जमा होना लाजिमी था। पर अब हलकी बारिश ने भी प्रशासन की पूरी तरह से पोल खोल दी। करीब दो घंटे की मशक्क्त के बाद ही शहर में हुए जलभराव से लोगों को छुटकारा मिल पाया। दूसरी तरफ ग्रामीण इलाकों में स्थिति जुदा नहीं है। ग्रामीण इलाकों में नाली व नालों की सफाई न होने की वजह से कल हुई बारिश से गलियों में जमा रहा। देहात में तो कई घंटों के बाद ही बारिश के पानी की निकासी हो पाई।

### यह कहते हैं नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य जारी है। कुछ नालों की सफाई का कार्य पूरा हो चुका है तो कुछ नालों की सफाई का कार्य अगले एक दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उसके बाद शहर के किसी भी इलाके में जलभराव की स्थिति व समस्या नहीं रहेगी। आज उन्होंने इसी क्रम में शहर के सभी नालों का निरीक्षण किया है और उनकी सफाई व्यवस्था देखी है। सफाई कर्मचारियों को जल्द से जल्द सफाई का कार्य पूरा करवाए जाने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने बताया कि शहर में कुछ नाले पब्लिक हेल्थ विभाग के अंतर्गत आते है। उनकी सफाई के लिए भी लगातार पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क किया जा रहा है।



**भिवानी।** अभियान के दौरान मौके पर तैनात पुलिस। *फोटो: हरिभूमि*

# ऑपरेशन आक्रमण-19 के तहत 21 आरोपी काबू

- थाना व चौकी स्तर पर कुल 53 टीमों का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में भिवानी पुलिस की सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 53 टीमों का गठन किया गया । जिसमें 244 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में 21 आरोपियों को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत आठ मामलें दर्ज करके उनमें 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर, उनसे 121 बोतल अवैध शराब देशी को बरामद किया। इसके अतिरिक्त जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 03 मामलों में 03 आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उससे 8,150 रुपये की राशि को बरामद किया। अभियान में एक व्यक्ति को 01 अवैध देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिला पुलिस के द्वारा चोरी के मामले में आरोपीत महिला को गिरफ्तार कर 1,10,000 रुपए बरामद करने में सफलता हासिल की है। ऑपरेशन आक्रमण के दौरान जिला पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत लेन चेंज के उल्लंघना करने वाल 171 वाहन चालकों के चालान किये। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 283 चालान किए गए।

### गुरनाम सिंह चंढूनी कल अनाज मंडी में: आर्य


**भिवानी।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी 26 जून को नई अनाज मंडी में पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए भाकियु चंढूनी के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने बताया कि गुरनाम सिंह चंढूनी 26 जून को सुबह 10 बजे नई अनाज मंडी पहुंचेंगे तथा किसानों की बैठक को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान चंढूनी किसानों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुटता से आवाज उठाने के लिए आह्वान भी करेंगे।

# सचिन ने जीते सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल

- प्रेसिडेंट कप अंतरराष्ट्रीय रिगाटा चैंपियनशिप में गांव मिरान के बेटे ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

अजरबेजान में आयोजित प्रेजिडेंट कप अंतराष्ट्रीय रिगाटा चैंपियनशीप 2025 में मिरान के सचिन ने सिल्वर व ब्रॉन्ज मैडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। गांव में पहुंचने पर सचिन का भव्य स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता मे कोच पीजूष क्रांति बरोई सहित चार खिलाड़ियों ने भारत की टीम में हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता एक मई को शुरू हुई थी इस प्रतियोगिता में सचिन मिरान ने के-2 की 2 सौ मीटर में सिल्वर, के-2 के एक हजार मीटर में ब्रॉन्ज मॉडल जीता है। सचिन की जीत पर गांव में खुशी मनाई गई। सचिन के गाव में पहुंचने पर फूलमालाओं से स्वागत किया। महाबीर, कृष्ण सिहाग, कुलदीप, संदीप सिहाग, राजेश, बलवान बीडीसी, मास्टर मुकेश, राजेश व विनोद आदि ने बताया कि सचिन की मेहनत का फल है जिसके कारण उसने मैडल प्राप्त किए है। गांव के दूसरे बच्चों को भी सचिन से सीख लेकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। आज का युवा नशे व मोबाइल की लत में पड़ा हुआ है। इसको छोड़कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।



**तोशाम।** पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# ग्रीन बेल्ट समिति ने चलाया पौधरोपण अभियान

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पौधरोपण करके श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

न्यू हाउसिंग बोर्ड ग्रीन बेल्ट समिति के सदस्यों ने प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस की संध्या पर ग्रीन बेल्ट और मिड्ढा पार्क पौधरोपण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पौधरोपण अभियान में भाजपा मंडल अध्यक्ष नविता तंवर, वार्ड नंबर 2 से पार्षद संदीप यादव, समिति के प्रधान धनपत सांगवान मुख्यरूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों, महापुरूषों की जयंती व बलिदान दिवस पर एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। पौधों के बिना जीव जन्तु व मनुष्य का जीवन संभव नहीं है, वे हमारे जीवन का आधार हैं। पौधरोपण अभियान में समिति के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्रीन बेल्ट और मिड्ढा पार्क में पौधें लगाए गए, जिसमें बलजीत शर्मा, शेरसिंह शेखावत, एडवोकेट केके शर्मा, ओमप्रकाश पंवार, जयदीप परमार, पवन नारंग, कृष्ण कुमार दहिया, रमेश शर्मा व समिति उपप्रधान मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।



**भिवानी।** पौधरोपण करते अतिथि व न्यू हाउसिंग बोर्ड ग्रीन बेल्ट समिति के सदस्य।



**बाढड़ा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम पंचायतों को जागरूक करते हुए।

# पंचों को केंद्रीय योजनाओं के बारे में जागरूक किया

- ग्राम स्वराज अभियान के तहत परिचयात्मक प्रशिक्षण बैच संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

आकांक्षी खण्ड बाढडा मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत दिनांक 24जून को चौथे बैच का समापन था जिसमें गांव जगरामबास, जेवली, हंसावास कलां, उमरावास एवं हुई की पंचायतों के निर्वाचित पंचों के दो दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण में उपस्थित थे। मनी प्रकाश एबी फैलो नीति आयोग ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम नौ जून से प्रारंभ है तथा बाढडा खंड की 54 सीग्राम पंचायतों के दस बैच बना रखे हैं उक्त प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत दिया जा रहा है कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायतों के कार्य में पारदर्शिता लाने, जमीनी स्तर पर पंचायतों के विकास कार्यों का दृढ़ीकरण करना और पंचों की क्षमता संवर्धन करना था। इस अवसर पर वैल्यूबर फैबटैक्स नई दिल्ली के ट्रेनर नरेंद्र दलाल ने उपस्थित पंचों को प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा स्कीम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, टी बी मुक्त अभियान के बारे में विस्तार बताया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन बाढडा की 4लॉक कॉर्डिनेटर सविता चौधरी ने बताया कि खण्ड बाढडा शत प्रतिशत खुले में शौच मुक्त श्रेणी में आता है नीति आयोग के ए बी फैलो मनी प्रकाश ने आकांक्षी 4लॉक कार्यक्रम के तहत विभिन्न 11 विभागों के निर्धारित 9 सूचकांकों के बारे में जल शक्ति मंत्रालय की विभिन्न योजनाओ के बारे मे प्रकाश डाला।

# प्रबंधक थाना व चौकी इंचार्ज अपने क्षेत्र में नशा बेचने वाले आरोपियों पर कार्यवाही करें

- एसपी मनबीर सिंह ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त आदेश दिए हैं कि महिला विरुद्ध अपराध में आरोपी को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार किया जा कर अभियोग का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई परिवादी थाना व चौकी में अपनी शिकायत लेकर आता है तो उसके साथ नम्रता पूर्वक उसकी समस्या को सुनकर परिवाद प्राप्त होने पर रसीद काटकर परिवादी को दी जाए। थाना व चौकी में लंबित नंबरी परिवादों को समयानुसार निपटारा किया जाए।

प्रबंधक थाना चौकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्र में चोरी की वारदातों को रोकने के लिए सायकालीन गस्त व रात्रि गश्त प्रभावी ढंग से करें। अपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति को हर हाल में सलाखों के पीछे डालने का काम करें। थाना में कोई भी व्यक्ति शिकायत लेकर आता है तो उसकी पूरी समस्या को सुने और रसीद काट कर दे, उसे न्याय देने का काम करें थाने में आने वाले के साथ अच्छा व्यवहार करें ताकि उसे लगे कि पुलिस से उसकी बात को अच्छे से सुनकर न्याय देने का काम किया है।

### *पुलिस हर संभव सतर्क रहकर अपनी ड्यूटी करते हुए लोगों के जानमाल की सुरक्षा करे*

*प्रवर पुलिस अधीक्षक भिवानी ने मीडिया के द्वारा आम जनता से कहा है कि वर्तमान समय में ऑनलाइन, टेलीग्राम, ट्रेडिंग की धोखाधड़ी के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। जिला पुलिस के द्वारा मीडिया के माध्यम से समय-समय पर एडवाइजरी नोट जारी किए जाते हैं जिसमें आप लोगों से आग्रह किया जाता है कि मोबाइल फोन पर बैंक कर्मचारी बनकर आपके बैंक से संबंधित निजी जानकारी मांगी जाती है जिसे आप फोन करता के साथ साझा ना करें। एटीएम में पैसे निकालते वक्त अनजान व्यक्ति के हाथ में अपना एटीएम कार्ड न दे किसी प्रकार के अंजान लिंक को खोलने के आग्रह को न माने अगर किसी के व्यक्ति के साथ किसी प्रकार की ऑनलाइन या एटीएम से संबंधित धोखाधड़ी होती है तो इसकी सूचना संबंधित थाने अवश्य दर्ज करवाएं।*

## बरसाती पानी की निकासी के लिए ड्रेनों की सफाई का कार्य पूराः सांगवान

# एनडीआरएफ टीम ने जलभराव क्षेत्रों का किया दौरा

- उपकरणों की उपलब्धता और जल निकासी व्यवस्था का विशेष रूप से मूल्यांकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

मानसून में होने वाले जलभराव को देखते हुए एनडीआरएफ टीम ने मेजर शहाबुद्दीन के नेतृत्व में टीम ने जलभराव संभावित क्षेत्रों का दौरा किया। यह संयुक्त निरीक्षण सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर किया। टीम ने चरखी, साहुवास, बिरहीकलां ,निमड़ी, बोंद, रावलधी, मिर्च, मिस्त्री कमोद, जयश्री व इमलोटा सहित अनेक गांवों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों का अवलोकन किया, जिसमें पंपों की स्थापना, उपकरणों की उपलब्धता और जल निकासी व्यवस्था का मूल्यांकन किया।



**चरखी दादरी।** जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते एसडीआरएफ टीम सदस्य।

### 103 विभिन्न क्षमता के वीटी पंप स्थापित किए

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता वेदपाल सांगवान ने जानकारी दी कि जिले के विभिन्न गांव में अब तक लगभग 65 स्थायी फ्लड पंप साइट्स पर लगभग 103 विभिन्न क्षमता के वीटी पंप स्थापित किए जा चुके हैं। एनडीआरएफ की टीम के साथ सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पंप स्थापित साइटों पर संयुक्त दौरा किया। सिंचाई विभाग ने मानसून के मध्यनजर ये अवगत करवाया कि लगभग 150 मूवेबल विद्युत चालित तथा डीजल चालित पंप सेट चालू हालत में विभाग के पास उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यालय के आदेशानुसार गांवों के आबादी क्षेत्र एवं तालाबों का वर्षा ऋतु से पहले व वर्षा ऋतु दौरान जल निकासी का कार्य बीडीपीओ एवं ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना है, जिसके लिए जरूरत पड़ने पर पंप व मोटर सिंचाई विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिले की सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है, ताकि बरसाती पानी की त्वरित निकासी सुनिश्चित की जा सके और कार्यकारी अभियंता ने सिंचाई विभाग के एसडीओ, जेई को ये दायित्व सौंपा है कि वे संभावित जलभराव वाले गांवों के सरपंचों से नियमित संपर्क में रहें, ताकि मानसून के दौरान कहीं जलभराव स्थिति उत्पन्न हो, तो तुरंत प्रभाव से पंप मोटर स्थापित कर जल निकासी की व्यवस्था की जा सके।




# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

## लाइफ Style

# सारा



## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

## हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

## टीवी मसाला




# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉड्र्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉड्र्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉड्र्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन




को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।





### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार


*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*



**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

*__इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव :__ रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** गांव जमालपुर के सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की और से चलाई गई मुहिम में जमालपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की तरफ से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। सीएचसी के आधीन आने वाले गांवों में लिंगानुपात सुधार बारे सभी आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह, डॉ. रजनीश, डॉ. ईशान जांगड़ा, डॉ. जयेश एवं स्वास्थ्य निरीक्षक विनोद शर्मा, प्रेम कुमार, सरपंच भूप सिंह, राज कुमार, आदि ने अपने मौजूदगी दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भिवानी के सीएमओ डॉ. रघुबीर शांडिल्य पहुंचे और कार्यक्रम को चार चांद लगाए।

### ऑपरेशन आक्रमण: 16 आरोपियों को पकड़ा

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ नेतृत्व में पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत चलाए गए सर्च अभियान में 16 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने पांच पीओ भी पकड़े हैं। पुलिस ने लेन ड्राइविंग के नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहनों के चालान भी किए। स्पेशल अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा, थाना व चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया। इस सर्च अभियान के दौरान पुलिस की 25 टीमों का गठन किया गया।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

**नारनौल।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बिजली दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि की कड़े शब्दों निंदा करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि बिजली एक मौलिक जरूरत बन चुकी हैं, बिजली मुनाफा कमाने का जरिया नहीं है। यह बढ़ोतरी केंद्र सरकार की ओर से पारित बिजली बिल, जो संपूर्ण बिजली के निजीकरण में एक बड़ा जनविरोधी कदम को लागू करने में एक कदम है। प्री पेड स्मार्ट बिजली मीटर भी इसी उद्देश्य से बिजली उपभोक्ताओं पर थोपने की तैयारी सरकार कर चुकी है।

### अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ की बैठक 29 को

**नारनौल।** हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव रामकिशन मरोड़िया ने बताया कि 29 जून को संघ की आम सभा का आयोजन अंबेडकर भवन मालवीय नगर में प्रातः 10 बजे किया जाएगा। आम सभा में उपस्थित प्रबुद्ध साथियों को संघ की ओर से गत वर्ष में किए गए आर्थिक, सामाजिक व प्रशासनिक कार्यों से अवगत करवाया जाएगा। आम सभा में महत्वपूर्ण एजेंडों को भी प्रस्तुत किया जाएगा।


## मीठी मम्मा बोलती थी जीवन की हर घड़ी को अंतिम घड़ी समझकर चलो: बीके सुमित्रा

# ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे मीठी मम्मा को किया याद, अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

ब्रह्माकुमारी ओम राधे को सभी ब्रह्मावत्स मातेश्वरी या मम्मा कहकर बुलाते थे, उन्होंने हमारे जीवन को ऊंचा उठाने के लिए श्रेष्ठ धारणाएं बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। ओम राधे मातेश्वरी मम्मा को नमन करते बीके भाई बहन। मातेश्वरी जगदंबा मम्मा को श्रद्धांजलि देती बीके वसुधा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्माकुमारी ओम राधे को सभी ब्रह्मावत्स मातेश्वरी या मम्मा कहकर बुलाते थे। उन्होंने हमारे जीवन को ऊंचा उठाने के लिए श्रेष्ठ धारणाएं बतलाईं। उनके जीवन में सच्चाई व सफाई का विशेष गुण था। उनका कहना था कि जीवन की हर घड़ी को अन्तिम घड़ी समझकर चलो, इससे अपने कर्मों पर अटेन्शन बना रहेगा। हम सभी को ईश्वरीय मर्यादाएं और नियम बतलाए, आज भी उनकी सूक्ष्म प्रेरणा हम सभी को मिलती रहती है, ये बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में ब्रह्माकुमारीज की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे मीठी मम्मा की 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने उपस्थित ब्रह्मावत्सों के समक्ष कही।

बीके सुमित्रा बहन ने बताया कि मातेश्वरी का लौकिक जन्म वर्ष 1919 में अमृतसर में हुआ था, उनके बचपन का नाम ओम राधे था, जब वह ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थी तो पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी, इसलिए वह ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुईं। राजयोगिनी बीके कीर्ति बहन ने मम्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभावान थीं। ब्रह्मा बाबा ने कोई भी बात आपको कभी दोबारा नहीं समझायी। आप एक बार जो बात सुन लेती थीं उसी समय उसे अपने कर्म में शामिल कर लेती थी। 24 जून 1965 को आपने अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था। वैष्णवी व प्राची ने मां के गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर बीके आरती, बीके गरविता, बीके भीम चौहान, बीके कृष्ण रानीला, बीके रामनिवास सैय, बीके सुनील व मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

### मातेश्वरी जगदंबा चैतन्य देवी : बीके वसुधा

भिवानी। मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती मम्मा ने आध्यात्मिक मूल्यों से नशामुक्त दिव्य समाज का निर्माण कर वसुधैव कुटुंबकम का पाठ पढ़ाया। वास्तव में जगदंबा आधुनिक युग की चैतन्य देवी थी, उन्हें ईश्वरीय ज्ञान, गुण और शक्तियों को धारण करके लोगों को अनुभव करवाने का दिव्य वरदान प्राप्त था। वास्तव में ज्ञान और शक्तियों की चैतन्य अवतार थी जगदंबा मां सरस्वती, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा के तत्वावधान में मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 60वें स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। बीके वसुधा ने कहा कि मातेश्वरी ने 24 जून 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया। इस दिवस को ब्रह्माकुमारी संस्थान के देश विदेश के भाई बहनें आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मना रहे हैं। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम प्रशासिका थी, जो बचपन से अनेक कलाओं से परिपूर्ण थी, जिन्होंने अध्यात्म के बल पर कन्याओं व माताओं को सशक्त बनाया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि जगदंबा सरस्वती 45 वर्ष की अल्पायु में हम सभी को जीवन जीने की कला सिखाकर चली।उन्होंने कहा की जगदंबा सरस्वती ने दैवी गुणों का ऐसा बीजारोपण किया जो वर्तमान समय 140 देशों में वंदे मातरम का ध्वज लहरा रहा है। इस अवसर पर रामबास सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा, पूर्व मुख्याध्यापक विनोद सांगवान, रामकुमार, ग्रामीण विकास मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, सुनील, नाथूराम यादव, शुभराम साहब, ईश्वर सिंह पूर्व मनेजर, रवि जांगड़ा, धर्मवीर, टेकचंद, ब्रह्माकुमारी रेखा रहे।

### ओम राधे मम्मा आजीवन त्याग एवं तपस्या की मूर्त बनकर रहीं: बीके रजनी



भिवानी। ओम राधे को नमन करते बीके भाई बहन।

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य भवन रुद्रा कालोनी की शाखा संचालिका बीके रजनी दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे मातेश्वरी जगदम्बा मम्मा की 60वीं पुण्यतिथि की स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि मातेश्वरी ने मात्र 16 वर्ष की आयु में ही कलयुग अंत और सतयुग आदि के संगम में इस धरा पर अवतरित हुए परमपिता परमात्मा को पहचान अपना जीवन परमार्थ के लिए समर्पित कर दिया। उनका कहना था कि हर घड़ी अंतिम घड़ी है, अगर हम ये स्लोगन ध्यान में रखते हुए हर कर्म करन-करावनहार परमपिता परमात्मा की याद में करें तो हम सोच समझकर हर कर्म करेंगे, हमारे हाथों विकर्म, कुकर्म होने से बच जाएंगे और हमारा हर कर्म सुकर्म बनता जाएगा, जो दूसरों के लिए प्रेरणादायी बन जाएगा। जब हम सबके कर्म सुकर्म होंगे तो हर घर स्वतः ही मंदिर बन जाएगा। मातेश्वरी मम्मा आजीवन त्याग एवं तपस्या की मूर्त बनकर रही। वे गंभीर और अंतर्मुखी होने के साथ-साथ रमणीक और मिलनसार भी थी। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी बीके सुभाष गोयल, बीके किरण, बीके ममता, बीके राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

# लिंगानुपात के सुधार के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



भिवानी। जागरूकता रैली निकालती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग वर्ष 2025-26 में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत लिंगानुपात के सुधार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी महिलाओं में जागरूकता फैला रहा है। उपमंडल में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के जरिये लोगों को बेहतर तरीके से प्रेरित किया जा रहा है।

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अमृत काल में तिथीबद्ध कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए डीसी महावीर कौशिक के कुशल मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत उपमंडल के आंगनवाडी केन्द्रों पर प्रस्तावित गतिविधियों का बेहतर तरीके से आयोजन किया जा रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान के तहत गतिविधियों में उद्घाटन समारोह, नियोजित गतिविधियों के साथ प्रेस विज्ञप्ति, हस्ताक्षर/प्रतिज्ञा समारोह, बीबीबीपी शपथ ग्रहण समारोह योजना आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं पोषण ट्रैकर अभियान में सीएसआर पर विशेष ग्राम सभा/महिला सभा, बाल संरक्षण और लड़कियों में कौशल विकास का महत्व, प्रत्येक आने वाले घर/सार्वजनिक भवन/पंचायत कार्यालय आदि पर संदेश के साथ बीबीबीपी स्टिकर चिपकाने और स्कूलों में एनवाईकेएस स्वयंसेवकों से जुड़ी खेल गतिविधि आयोजित करवाई जाएंगी।

#### दी जानकारी

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ/बीबीबीपी के साथ- साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाकर उनका पालन करना, जल संरक्षण करना बारे प्रचार प्रसार, सामुदायिक गतिशीलता, सभी सरकारी कार्यालयों में विज्ञान मेले और प्रदर्शनियाँ आयोजित करके स्कूली लड़कियों के बीच खेल प्रतियोगिताएं, समाज कल्याण पर विद्वानों के बीच पोस्टर, नारा-लेखन, ड्राइंग वॉल पेंटिंग प्रतियोगिताएं, यूनीसेकल परियोजना का उपयोग शामिल किया गया है।

# पूर्व विधायक नैना चौटाला ने कई गांवों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा



भिवानी। सदस्यता अभियान के दौरान ग्रामीणों से मिलती पूर्व विधायक नैना चौटाला।

पूर्व विधायक नैना चौटाला ने बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव जावा, माई, कादमा, बिंद्राबन, मांढी हरिया और कारी रूपा दास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सदस्यता अभियान की शुरुआत सैंकड़ों नए सदस्यों को जजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की नीति, नियत धरातली विकास से कोसों दूर है और किसान को मुआवजा, बेरोजगार को रोजगार व कर्मचारियों, व्यापारियों महिलाओं को सुरक्षा देने में सरकार नाकाब साबित हो रही है। गांव कारी रूपा में जजपा नेता धर्मवीर फोगाट के आवास पर पहुंच कर परिवार का कुशलक्षेम जाना और सदस्यता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता 31 जुलाई से पहले पहले प्रत्येक बुथ पर पहुंच कर सदस्यता अभियान को पुरा करें। और प्रत्येक बुथ पर दो-दो महिला कार्यकर्ताओं को भी जोड़ें। क्योंकि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण दिलवाया था। इसलिए राजनीति में महिलाओं की भागीदारी की जरूरत है। सदस्यता अभियान के साथ साथ संगठन निर्माण भी किया जाए और संगठन में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाए।

# आपातकाल के स्मरणभर से कांप उठती है रूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



देवव्रत वशिष्ठ।

आपातकाल को लगे आज पचास वर्ष पूरे हो रहे हैं। ऐसे में उससमय के दिनों की पीड़ा, कष्ट व अत्याचारों को याद कर आज भी शरीर में कपकपी आने लगती है। 25 जून की देर रात पुलिस का अचानक डीएसपी के नेतृत्व में आना और आकर थाने चलने का निर्देश देना काफी कठोर लगा। श्री भगवान वशिष्ठ ने बताया कि डीएसपी ने मेरे दादा पं. रवीन्द्रनाथ वशिष्ठ व मेरे पिता पं. देवब्रत वशिष्ठ सहित मुझ सहित तीनों को थाने चलने को कहा। दादा जी ने उन्हें सुबह थाने आने का आवश्वासन देकर जैसे-तैसे विदा किया। सुबह पांच बजे पुलिस पुनः आ पहुंची। तब तक दादा जी ने हिन्दू पंचाग से देख लिया था कि लम्बी जेल यात्रा का योग है। इसलिए साधारण कपड़ों में ही जाना तय कर दोनों पिता-पुत्र थाने में चले गए। मुझे नाबालिग व ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते घर की जिम्मेदारी देखने के लिए साथ नहीं लिया गया। सुबह आठ बजे जब हम नाश्ता देने थाने पहुंचे तब तक थाने में ठा. बीर सिंह, सागर राम गुप्ता, हीरानन्द आर्य, चौ. जगन्नाथ, चौ. जंगबीर सिंह सहित पचासों नेताओं को थाने में बैठा लिया गया था। उस दिन वह संख्या बढ़ती ही जा रही थी। किसी को भी यह नहीं पता था कि कौन किस केस में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें बिना किसी अदालत में पेश किए न मालूम कहां ले जाया गया।

# नीति आयोग टीम ने टीकाकरण अभियान की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा



भिवानी। गांव गोपी के सीएचसी में टीका करण अभियान पर स्वास्थ्य अधिकारियों से चर्चा करते नीति आयोग के सदस्य।

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जून तक चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान के संदर्भ में आकांक्षी खण्ड बाढडा के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपी की प्रगति की समीक्षा नीति आयोग के एबीफैलो मनी प्रकाश द्वारा की गई। गांव गोपी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ अधिकारियो डा. अभिलेख, डा. अभिषेक व खंड विस्तार एजुकेटर विरेंद्र सिंह हुड्डा से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। स्वासथ्य अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के लिए उन्होंने खंड के लिए दो दिवसीय माइक्रो योजना बना रखी है और उसी के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। इसके लिए कुल 12 सत्र बनाए हुए है जिसमें ७६ लाभार्थियों को चिन्हित किया गया जिन्हें इस प्रकार के टीके लगने है। इस अभियान के तहत निमोनिया पोलियो, टिटनेस, गलघोटू, काली खांसी, हेपेटाइटिस बी, रोटा वायरस दस्त टी बी मेनेजाइटिस रुबेला जान लेवा बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक टीके लगाए जा रहे हैं।2 जून तक 44 लाभार्थियों को टीके लगाए जा चुके है तथा शेष को आज सायं तक टीके लगा कर लक्ष्य को दो दिनों में ही पूर्ण कर लिया जाएगा। आज के अभियान में गोपी, हुई और जीतपुरा उप स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर एबी फैलो नीति आयोग द्वारा प्रत्यक्ष रूप से उप स्वास्थ्य केंद्र गोपी में दौरे के दौरान फील्ड स्टाफ संतरा देवी एलएचवी, सविता एएनएम, कविता आशा फेसलीटेटर व सुमन आशा वर्कर से भी संवाद किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आकांक्षी खण्ड बाढडा की सभी आशा वर्कर घर घर जाकर लाभार्थियों को उप स्वास्थ्य केंद्र पर ला रही है।



भिवानी। गोद भराई कार्यक्रम में गर्भवतियों की गोद भराई की रस्म पूरी करती आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### गोद भराई कर महिलाओं को पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

भिवानी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने हनुमान ढाणी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान जरूरी देखभाल, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों से अवगत करवाना रहा। कार्यक्रम में पारंपरिक सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक विरासत का परिचय दिया, वहीं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों और माताओं के नाम पौधरोपण का संदेश दिया। साथ ही कुपोषण से बचाव और संतुलित पोषण के महत्व को रेखांकित किया गया। महिलाओं को पौष्टिक आहार की महत्ता, शरीर में आयरन और खून की कमी से बचने के उपाय, और गर्भावस्था के दौरान देखभाल संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। अंत में सभी ने पोषण, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लिया। सीडीपीओ किरण देवी, सुपरवाइजर प्रगति कुमारी व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दर्शना देवी ने बताया कि महिलाओं को न केवल पोषण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है।

**मुहिम** | प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर लगाया एक पेड़ मां के नाम: विवेक

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान चलाकर रोपित की त्रिवेणी

त्रिवेणी लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के लिए कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। त्रिवेणी रोपित करते जिला सहायक परियोजना अधिकारी विवेक अदलखा, बीईओ बवानीखेड़ा आनन्द कुमार व कमल शर्मा। फोटो : हरिभूमि


जिला परियोजना कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश सरकार के आह्वान पर एक पेड़ मां नाम 2.0 अभियान शुरू किया, जिसके तहत एक पेड़ मां के नाम लगाया। इसके साथ ही ब्रह्मा, विष्णु ,महेश एवं पर्यावरण की सूचक त्रिवेणी लगाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला सहायक परियोजना अधिकारी विवेक अदलखा, खण्ड शिक्षा अधिकारी बवानीखेड़ा आनन्द कुमार, जिला युथ एंड इको क्लब्स संयोजक कमल शर्मा, जिला लेखाकार सौरव खुराना, उप अधीक्षक महेंद्र शर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर कम क्लर्क गौरव शर्मा, क्लर्क अशोक रहेजा, सूर्यमणि, गीता, विकास, आरोही भारद्वाज एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

जिला सहायक परियोजना अधिकारी विवेक अदलखा ने कहा कि प्रधानमंत्री व हरियाणा सरकार के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम का शुभारंभ किया हैं, जिसके तहत एक पेड़ मां के नाम में लगाया और साथ में त्रिवेणी लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, ताकि हमारा पर्यावरण सही रहे और हमें जलवायु परिवर्तन का सामना ना करना पड़ें। जिला युथ एंड इको क्लब्स संयोजक कमल शर्मा ने बताया कि मां के नाम से पेड़ लगाने से मां के प्रति समर्पित भाव भी बढ़ता तथा हम लोग पर्यावरण से भी जुड़ते हैं।

#### अभियान लगातार चलेगा

इसमें विद्यार्थियों को जोड़ा जा रहा है कि विद्यार्थी अपनी मां के साथ पौधरोपण करें और उसे पोर्टल पर अपडेट करें तथा वहां से अपना पर्यावरण प्रहरी का सर्टिफिकेट डाउनलोड करें। भारद्वाज ने कहा कि वर्ष 2014 में एक बेटी एक पेड़ मिशन शुरू किया था और इस वर्ष एक बेटी एक पेड़ मिशन 2025 के नाम से अभियान जारी है।

# इब्तिदा संस्था ने किए 26 किसानों को 6.76 लाख के कृषि उपकरण वितरित



नांगल चौधरी। गांवड़ी में बारिश का पानी रोकने के लिए मेड़ तैयार करवाती

**नांगल चौधरी।** इब्तिदा संस्था अलवर ने निजामपुर ब्लॉक में भूजल रिचार्ज व किसानों को समृद्ध बनाने की योजना बनाई है। जिसके अनुसार चार गांवों के 26 किसानों को 6.76 लाख रुपये के कृषि उपकरण वितरित करने के बाद उन्हें खेतीबाड़ी की आधुनिक तकनीक से अवगत कराया है।

ग्रामीणों को बरसाती पानी का स्टॉक करने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के इंचार्ज नसरूदीन ने बताया कि नांगल चौधरी निजामपुर ब्लॉक प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित हैं। दोनों ब्लॉक डार्कजोन में हैं और यहां पेयजल व कृषि सिंचाई नहरी पानी पर निर्भर है, लेकिन ब्लॉक के कई गांव नहरों से टच नहीं, जिस कारण भूजल स्तर नीचे जा रहा है। समाधान के लिए सरकार ने अटल भूजल रिचार्ज स्कीम क्रियाविंत की है।

इसके अलावा इब्तिदा संस्था ने भी निजामपुर ब्लॉक में भूजल रिचार्ज योजना चलाई है। ब्लॉक के गांव गांवड़ी में जाट में 15 लाख रुपये की लागत से जोहड़ खुदाई, जमीन का समतलीकरण कराया है। गंगुताना, नियाजलीपुर, आजमाबाद मौखूता, रोपड़ सराय में भी गांव का पानी गांव में रोको मिशन चलाया है। उन्होंने बताया कि मेड़, बांध तथा जोहड़ों के निर्माण से बरसाती पानी का स्टॉक हो सकेगा और भूजल का स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। किसानों को आधुनिक तकनीक व संसाधन मुहैया कराकर उन्हें आत्म निर्भर बनाने की मुहिम शुरू की है।

## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। गांव धनौंदा की आंगनबाड़ी में गोद भराई रस्म करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### धनौंदा में गोद भराई रस्म कार्यक्रम आयोजित

**मंडी अटेली।** अटेली खंड के गांव धनौंदा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत गोद भराई रस्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग से एमपीएचडब्ल्यू सुनील व रजनी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने पौष्टिक आहार में मोटा अनाज के प्रयोग करने व हरी सब्जियां एवं संतुलित आहार लेने बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच रिंकू यादव ने कहा कि गांव में गोद भराई रस्म अक्सर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने के लिए आयोजित की जाती है। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा यादव, हेल्पर सुशीला आदि रहे।



नारनौल। बच्चों को टीके लगाती स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो: हरिभूमि

### 671 बच्चों व 104 गर्भवती महिलाओं को लगाए टीके

**नारनौल।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 23 से 28 जून तक चलाए जा रहे स्पेशल प्रतिरक्षण सप्ताह के तहत अब तक जिले में लगभग 671 बच्चों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव वाले टीके व 104 गर्भवती महिलाओं को टेटनेस के टीके लगाए जा चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का पूरा प्रयास है कि जिले में ईंट भट्ठा, क्रेशर, स्लम व झुग्गी झोपड़ियों में कोई भी बच्चा बिना टीकाकरण ना रहे। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया है कि यदि किसी बच्चे का कोई टीका छुटा हुआ है या फिर टीकाकरण नहीं हुआ वो अपने बच्चों को इस सप्ताह टीका जरूर लगवाएं।

### एआईकेकेएमएस ने की बिजली दरें बढ़ाने की निंदा

**नारनौल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने बिजली दरों में की गई भारी भरकम वृद्धि की कड़ी आलोचना की तथा इसे वापस लेने की माग की। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी व जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह ने बताया कि सरकार ने फिक्स चार्ज लगाकर व रेट बढ़ाकर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। बिजली के रेट पहले ही बहुत अधिक थे, जनहित के खिलाफ प्रदेश सरकार ने एक बार फिर बिजली दरों में कटौती की बजाय वृद्धि कर दी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पहले ही महंगाई से परेशान हैं। रोजगार के लिए युवा दर दर भटक रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## कर्मचारी बोले, मांगें पूरी होने पर बदस्तूर रहेगा धरना जारी

# मांगों को लेकर बवानी खेड़ा एएचपीसी वर्कर्स यूनियन के सदस्य बैठे धरने पर

### अधिकारी ने यूनियन को सोमवार तक का दिया था आश्वासन, किंतु नहीं की गई ठोस कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

एएचपीसी वर्कर्स यूनियन द्वारा बवानी खेड़ा स्थित निगम के उपमंडल अभियंता कार्यालय के समक्ष अपना धरना जारी रखा गया। यह धरना दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड अधिकारियों की उदासीनता और कर्मचारियों की लंबित मांगों की अनदेखी के विरोध में दिया जा रहा है। इससे पूर्व भी शुक्रवार को यूनियन द्वारा धरना आयोजित किया गया था, जिसमें अधिकारी ने स्वयं धरना स्थल पर पहुंचकर यूनियन के वरिष्ठ नेताओं से वार्ता की थी और आश्वासन दिया था कि सभी मांगों पर सोमवार तक कार्रवाई की जाएगी, किन्तु अधिकारी द्वारा आश्वासन के बावजूद सोमवार तक कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे क्षुब्ध होकर यूनियन को अपना धरना पुनः आरंभ करना पड़ा। धरने में यूनियन ने अपनी प्रमुख मांगें दोहराईं जिसमें बताया कि जो तकनीकी कर्मचारी फील्ड से संबंधित हैं, उन्हें फील्ड में ही कार्य करने दिया जाए। . शिकायत केंद्र तालु में कार्यरत कर्मचारियों की कमी का स्थायी समाधान किया जाए। सभी शिकायत केंद्रों पर कर्मचारियों का बंटवारा बिजली कनेक्शनों की संख्या, लाइन की लंबाई और ट्रांसफार्मरों की संख्या जैसे यथोचित आधारों पर किया जाए, ताकि कार्यभार संतुलित रहे। धरने में यूनियन की सेंट्रल काउंसिल के सदस्य चांद राम, विजेंदर, गोपाल, विजेंदर, सतीश, मनीष, मंदीप, कुलदीप, सुदर्शन सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे और एकजुटता दिखाई और बताया कि एमटीसी का जरूरी सामान तुरंत उपलब्ध करवाया जाए। महिला कर्मचारियों के लिए विश्राम गृह (रेस्ट रूम) की अलग से व्यवस्था की जाए। बिजली बोर्ड में बिल जमा कराने आने वाले उपभोक्ताओं के लिए छांव की व्यवस्था की जाए। पीने के पानी की उचित व्यवस्था हेतु बिजली बोर्ड कार्यालय में सबमर्सिबल पंप लगवाया जाए।



बवानीखेड़ा। मांगों को मनवाने के लिए मीटिंग में मौजूद कर्मचारी।

**!!!!!!!!!**

इस धरने का संचालन यूनियन के सचिव मुकेश कुमार ने किया और अध्यक्षता अमित चौहान द्वारा की गई और बताया कि जब तक सभी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। यूनियन शांतिपूर्वक और लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन करती रहेगी और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी। वहीं उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों बारे विभाग को अवगत कराया गया है।

### लंबित मांगों को लेकर 9 जुलाई की हड़ताल में शामिल होंगी मिड डे मील वर्कर्स

**भिवानी।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा, सम्बंधित सीटू के आह्वान पर 26000 रुपये न्यूनतम वेतन, 12 माह का वेतन, स्थाई कर्मचारी का दर्जा व लेबर कोड रद्द करने की मांग को लेकर मिड डे मील वर्कर्स 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल में शामिल होंगी। यूनियन का प्रतिनिधिमण्ड़ल ने 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल का नोटिस जिला उप मौलिक शिक्षा अधिकारी के मार्फत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को सौपा। मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधिमण्ड़ल में सीटू जिला सचिव अनिल कुमार, भीम सिंह, यूनियन नेत्री सुदेश रिवासा, कमलेश, सुशीला, बबीता, गुडडी, संतोष आदि शामिल थी। मिड डे मील कर्मियों को सम्बोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सबसे कमजोर हिस्से से आने वाली मिड डे मील कर्मियों का भारी शोषण कर रही हैं। कमरतोड महंगाई के कारण मिड डे मील कर्मियों व आम जनता को परिवार चलाना मुश्किल हो गया हैं। पिछले दस वर्षो में पांच हजार सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया जिसके कारण ना केवल मिड डे मील कर्मीयों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा हैं बल्कि गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। मिड डे मील कर्मीयों को हर माह मानदेय देने की बजाये कई-कई महिनों तक मानदेय का इंतजार करना पड़ता हैं, वो भी साल भर में 10 माह के वेतन से ही गुजारा करना पड़ता हैं। लम्बे समय से मिड डे मील में काम कर रही कर्मीयों को ना तो पीएफ, ईएसआई का लाभ मिलता हैं और ना ही रिटार्यमैंट बैनिफिट मिलता हैं। ऐसे में मिड कर्मियों में सरकार के खिलाफ असंतोष बना हुआ है। जिसके चलते 9 जुलाई को कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर होने वाली हड़ताल में मिड डे मील वर्कर्स हिस्सेदारी करेगी।



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## पदों में कटौती की सिफारिश पर कर्मचारियों में रोष

- मांगें नहीं मानी तो 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे बढ़-चढ़कर भाग : पालुवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजिस्टर नंबर-41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी की मीटिंग मंगलवार को महम रोड पर बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव सोमबीर पालवास ने किया। इस मौके पर राज्य सह सचिव संदीप सौरखी ने बताया कि बैठक में रेशनेलाईजेशन को लेकर गहनता से विचार किया गया, क्योंकि सिंचाई विभाग के अंदर पिछले दिनों में रिटायर्ड आईएएस रंजन गुप्ता की अध्यक्षता में विभागों को रेशनेलाईजेशन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया था। जिन्होंने विभाग के ठीक संचालन हेतु कर्मचारियों के पदों को लेकर सुझाव मांगे थे, लेकिन सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के पदों में बड़ी संख्या में कटौती की सिफारिश भेज दी, जिससे संगठन में काफी रोष है। जिला अध्यक्ष अनिल बागड़ी ने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के तीनों विभागों के अंदर फील्ड कर्मचारियों के सेवा नियमों में त्रुटियां दूर की जाए, सिंचाई विभाग में कार्यरत कैनाल गार्ड के पद की योग्यता के आधार पर तृतीय श्रेणी का दर्जा दिया जाए, सभी तरह के अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए, विभाग में वर्कलोड अनुसार नए पद सृजित किए जाएं, सभी कर्मचारियों को ब्लॉक 2020 से 23 की एलटीसी का भुगतान किया जाए, वर्ष 1987 के बाद नियमित हुए कर्मचारियों के पदों में व्यक्तिगत पद ना मानते हुए जनरल पद बनाया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, आठवां वेतन का गठन किया जाए जब तक आठवां वेतन का गठन नहीं हो जाता 5 हजार अंतरिम राहत के नाम से दिए जाएं, एक्सग्रेसिया पॉलिसी से अनावश्यक शर्तें हटाई जाएं।

## योग से स्वस्थ समाज बनाएंः सैनी

- दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में चल रही नि :शुल्क योग कक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कोंट रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था की प्रधान उर्मिला सैनी की देखरेख में प्रतिदिन सुबह 5 बजे निःशुल्क योग कक्षा का आयोजन किया जा रहा है, ये कक्षा समाज के हर वर्ग के लिए पूर्णतः निःशुल्क है और इसका उद्देश्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, मानसिक तनाव को कम करना एवं आत्मिक शांति की ओर लोगों को प्रेरित करना है। योग कक्षा में योगाचार्य जेई बिजेश जावला के मार्गदर्शन में नियमित रूप से सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन जैसे योगाभ्यास करवाए जा रहे हैं। जावला ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जिससे शरीर, मन और आत्मा तीनों शुद्ध होते हैं। संस्था की प्रधान उर्मिला सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति योग से जुड़े और खुद को शारीरिक, मानसिक रूप से मजबूत बनाएं। योग न केवल बीमारियों से लड़ने में मदद करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन और स्फूर्ति लाता है।



भिवानी। योग क्रियाएं करते साधक। फोटो: हरिभूमि

### फिल्मी कलाकार प्रताप सिंह के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** कनीना निवासी फिल्मी कलाकार प्रताप सिंह विश्वासी का निधन हो गया। वे पिछले समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका अंतिम संस्कार कनीना में किया गया। नाट्य विद्या मंचन के समय श्रोताओं की आखें नम हो जाती थी। मोहन सिंह ने बताया कि कला प्रेमी उन्हें भूल नहीं पाएंगे। हरियाणवी एलबम बनाने वाले विश्वासी के सानिध्य में आसपास के सैकड़ों गीत, संगीतकार, नाटककार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## एसडीएम ने विकास कार्यों का जायजा लिया

- बाढ़ा के कई गावों में मनरेगा श्रमिकों की समस्याएं भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

एसडीएम मनोज दलाल ने मंगलवार को आधा दर्जन गांवों में पहुंच कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया तथा गांव कारी के हिंदोखला धाम के वनक्षेत्र में अमृत सरोवर जोहड़ पर कार्यरत मनरेगा श्रमिकों की समस्याएं भी सुनी तथा जल्द समाधान का भरोसा दिया। एसडीएम मनोज कुमार ने दोपहर बाद ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर पंचायत प्रतिनिधियों से मुलाकत कर बिजली पानी आपूर्ति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं को पारदर्शी तरीके से पूरा करवाने का दिशानिर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने गांव कारी के हिंदोखला धाम के वनक्षेत्र में अमृत सरोवर जोहड़ कामकाज का भी जायजा लिया। यहां पर कार्यरत मनरेगा श्रमिकों की समस्याएं भी सुनी जिस पर उन्होंने बताया कि उनको लगातार काम नहीं मिल रहा वहीं श्रमदान में भी कड़ी मेहनत के बावजूद पूरा मानदेय न मिलने का मुद्दा रखा। एसडीएम ने कहा कि सरकार का नहरी पानी का रेतीले क्षेत्र में भंडारण करना पर्यावरण सरंक्षण व जल सरंक्षण के लिए सरकार की यह योजना लाभदायक साबित होगी। उन्होंने श्रमिकों की लंबित समस्याओं को लेकर जल्द अधिकारियों से सलाह कर समाधान का भरोसा दिया।



बाढड़ा। गांव कारी में श्रमिकों से मिलकर पौधरोपण करते एसडीएम मनोज दलाल।

### पौधरोपण करने में सजगता बरतें

बाढड़ा के एसडीएम मनोज दलाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को पौधरोपण के आदेश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बारिश का मौसम शुरू हो चुका है इसमें अधिक से अधिक पौधारोपण करे और इसे एक अभियान के रूप में चलाने का काम करें। इस अभियान में अन्य लोगों की भी सामाजिक तौर पर सहायता लेकर उन्हें प्रेरित भी करें कि उन पौधों की देखभाल करे और उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षक की भूमिका निभाए।

## विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

- महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में चलाया नशामुक्त जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

युवाओ को नशे से दूर रहते हुए राष्ट्र की तरक्की में भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के नार्कोटिक्स सेल इंचार्ज डॉ. देवेंद्र दलाल के निर्देशन में मंगलवार को नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्रेस प्रभारी डॉ. जगवीर सिंह मान ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य जगबीर सिंह श्योराण एवं उपप्राचार्य भीमसिंह की देखरेख में हुआ। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने शपथ भी दिलाई। डॉ. मान ने कहा कि नशा किसी भी चीज का हो, वह शारीरिक व मानसिक तौर पर खतरनाक ही साबित होता है, जिस सुकून की तलाश में लोग नशे की शुरूआत करते हैं, वह आगे चलकर लत बनकर दुश्मन बन जाता है। उन्होंने कहा कि नशा शराब का हो सिगरेट या फिर दूसरी चीजों का इसे करने से लोगों को इंस्टेट खुशी मिलती है, तनाव कम होने का एहसास होता है तथा यहां तक कि कुछ लोगों का मानना है कि इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। जबकि यह सब झूठ है। नशा केवल और केवल समाज व राष्ट्र का दुश्मन है, जो कि नशा करने वालों के साथ-साथ उसके परिवार को भी बर्बादी की गर्त में धकेलता है।



भिवानी। नशा से दूर रहने की शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## पंजाबी जागृति मंच ने श्रीश्याम बाग में किया पौधरोपण



**भिवानी।** पंजाबी जागृति मंच ने श्रीश्याम बाग जीतूवाला जोहड़ में पौधरोपण किया। मंच के सदस्यों ने फूलों के पौधे गुलाब, कनेर, चमेली, गेंदा आदि के 50 पौधें रोपित किए। पंजाबी जागृति मंच के प्रधान एवं पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन कुमार मिड्ढा ने कहा कि पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। मिड्ढा ने कहा कि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है तथा पर्यावरण को सन्तुलन बनाए रखने में पौधों का बहुत अधिक महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर कैलाश चौधरी को कहरोड़ पक्का महासभा का प्रधान बनने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीश्याम बाग के प्रधान राधाकृष्ण चावला, जगन्नाथ गंभीर, ओमप्रकाश सुखीजा, सुभाष बजाज, प्रवीन चावला, मदनलाल कामरा, कृष्ण कुमार हंस, रोहतास वर्मा, केके वर्मा व प्रहलाद माली आदि उपस्थित रहे।

## सर्व सम्मति से किया कमेटी का गठन

# निर्माण कार्य की निगरानी करेगी महापंचायत

- निर्माण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : अनिल कुमार
- निर्माण समयावधि में पूरा करना होगा : निगरानी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लाला पहलवान की अध्यक्षता में रेल अंडरपास महापंचायत की मीटिंग मका आयोजन सोमवार को हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से दिनोद रोड़ का निर्माण एस्टीमेट के अनुसार करवाने एवं निरीक्षण के लिए 21 सदस्य कमेटी बनाई गई। यह जानकारी देते महापंचायत संरक्षक रोहतास वर्मा ने बताया कि निगरानी कमेटी में लाला पहलवान, ओमपाल चौहान पूर्व पार्षद, रामसिंह वैद्य, रामशरण ठेकेदार, अशोक यादव, कृष्ण सिंह परमार, सुखबीर सिंह चौहान, रमेश कुमार, अशोक कौशिक, इंद्र सिंह लांबा, भोपाल सिंह सोनी, अधिवक्ता राकेश पंवार, अनिल कुमार पार्षद प्रतिनिधि, राजेश कुमार एमसी, कुलदीप सिंह तंवर, रमेश वर्मा भानगढ़, कुंदनलाल भारद्वाज, बीर सिंह राजपूत, राजेश कुमार ग्रेवाल को सदस्य बनाया गया। नवगठित निगरानी कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से अनिल कुमार पार्षद प्रतिनिधि को मुखिया, कृष्ण सिंह परमार को सचिव/ प्रवक्ता, रमेश वर्मा भानगढ़ को सूचना मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कमेटी प्रधान ने कि दिनोद रोड़ इस क्षेत्र कि लाइफ लाइन है चार वार्डों के लोगों के आने जाने का मुख्य मध्य मार्ग है। पिछले आठ साल के कड़े संघर्ष करने के निर्माण कार्य शुरू हुआ है। वर्ष 2008 में निर्माण हुआ रोड़ जर्जर हालत में हो गया था। लोगों कि सुविधा के लिए नगर परिषद ने 2.5 करोड़ रुपए की लागत से रोड़ का निर्माण किया जा रहा, रोड़ का निर्माण अच्छा हो, एस्टीमेट के अनुसार हो, जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखा जाए, मैटीरियल सही अनुपात में प्रयोग हो, पानी निकासी का उचित प्रबंध हो ,निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जरा भी लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नही होगी तुरंत उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। बैठक में निगरानी कमेटी के सदस्य, शिवकुमार गोठवाल, विश्वामित्र, सीताराम रिटायर्ड एसएसआई, राजेश ग्रेवाल, मनबीर, बीआर मेहरा, चंदन सिंह पहाड़ी, कालू चांगिया, राजबीर गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। रोड निर्माण की निगरानी के लिए गठित कमेटी। फोटो: हरिभूमि

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612